>

Title: Need to take necessary measures for construction of sewerage and drainage system under Jawahar Lal Nehru National Urban Renewal Mission in Fatehpur city in Uttar Pradesh.

श्री राकेश सचान (फतेहपुर): मेरे निर्वाचन क्षेत्र फतेहपुर को जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के तहत अभी तक किसी भी योजना की स्वीकृति नहीं मिली है। फतेहपुर शहर में सीवरेज कार्य के लिए लगभग 275 करोड़ रूपये का एस्टीमेट तथा ड्रेनेज कार्य के लिए लगभग 150 करोड़ रूपये के दोनों एस्टीमेट प्रदेश की स्टेयरिंग कमेटी में लंबित है। फतेहपुर शहर की आबादी ढाई लाख के लगभग है और यहां पर अभी तक सीवरेज का कार्य नहीं हुआ है जिससे गंदा पानी नालियों में भरा रहता है साथ ही गंदे पानी की निकासी न होने से पानी खुले स्थानों पर ठहरा व भरा हुआ रहता है जिससे यहां पर मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और अनेक प्रकार की बीमारियां हो रही है। शहर के गंदे पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं होने से फतेहपुर शहर के निवासियों ने अपने घरों के भीतर एवं बाहर भूमिगत सोख्ता गंदे पानी के लिए बना रखा है जिससे शहर का भूमिगत जल भी दूषित हो रहा है। शहरी क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति भी भूमिगत जल के द्वारा की जाती है और इस दूषित जल के पीने से शहर के लोगों में किडनी व अन्य प्रकार की बीमारियां यहां के लोगों को हो रही है। ड्रेनेज की कोई व्यवस्था न होने से शहर का पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है जिससे फतेहपुर के नागरिकों का जीवन नारकीय हो गया है।

अतः मेरा भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय से यह मांग है कि वह फतेहपुर शहर हेतु जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन के तहत सिवरेज व ड्रेनेज सिस्टम के जो दो प्रस्ताव प्रदेश की स्टेयरिंग कमेटी में लंबित है उन्हें मंगाकर जल्द स्वीकृति प्रदान की जाये जिससे फतेहपुर शहर में सीवरेज व ड्रेनेज सिस्टम के कार्यों को शीघ्र किया जा सके। फतेहपुर शहर के इन दोनों कार्यों के होने से नागरिकों को नारकीय जीवन एवं प्रदूषित हो रहे पर्यावरण से बचाया जा सकेगा।